# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 179/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक-20.05.2025

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने के क्रम में आज दिनांक- 20.05.2025 को ***आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्नवत कार्यवाहियां की गयी है-***

***01.थाना-सरायमीर:-चोरी गये मोबाइल फोन के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार***

***घटना का संक्षिप्त विवरण:-***

दिनांक 19.05.2025 को आवेदक जुबेर अहमद पुत्र एकराम अहमद साकिन बडहरिया थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि आवेदक देलही ट्रेर्डस के बगल में चाय पिया और उसकी मोवाईल उसी टेबल पर छूट गया जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 211/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

***गिरफ्तारी का विवरण:-***

आज दिनांक 20.05.2025 को उ0नि0 योगेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त संजय यादव पुत्र सुबेदार यादव ग्राम कनैथा थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ को कनैथा मोड़ से एक अदद मोबाइल रेडमी एन्ड्राइड के साथ समय करीब 22.13 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) BNS की बढोत्तरी किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

***गिरफ्तार अभियुक्त:-***

1. संजय यादव पुत्र सुबेदार यादव ग्राम कनैथा थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़।

***पंजीकृत अभियोग:-***

1. मु0अ0सं0 211/2025 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़।



**02.थाना-फूलपुरः- साइबर फ्राड का 19,416 रूपया वापस कराया गया।**

***घटना का संक्षिप्त विवरणः-***

दिनांक 19.02.2025 को आवेदक अभिषेक यादव पुत्र अभय सा0 जगदीशपुर थाना फूलपुर आजमगढ़ के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके रिश्तेदार की विदेश में फंसे होने की बात बताकर आवेदक के साथ साइबर फ्राड कर दिया गया था जिसके सम्बन्ध में साइबर हेल्पलाइन नं0 1930/https://cybercrime.gov.in/ पर साइबर हेल्पडेस्क फूलपुर द्वारा शिकायत पंजीकृत करायी गयी जिसका Ack No. 33102250021482 है। जिसमें साइबर पुलिस पोर्टल द्वारा 19,416 रू0 फ्राड करने वाले के खाते में फ्रीज करा दिया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 19.05.2025 को आवेदक को 19,416 रू0 रूपये वापस करा दिया गया है।

***रूपया वापसी का विवरणः-***

आवेदक अभिषेक यादव पुत्र अभय सा0 जगदीशपुर थाना फूलपुर आजमगढ़ के साथ फ्राड हुए होल्ड 19,416/- रू0 के सम्बन्ध मे आरक्षी दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा आवेदक के माध्यम से कोर्ट आर्डर बनवा कर सम्बन्धित बैंक के शाखा प्रबन्धक से जरिये दूरभाष/इमेल सम्पर्क कर शाखा प्रबन्धक को कोर्ट आर्डर भेज कर होल्ड 19,416 रू0 आवेदक अभिषेक यादव पुत्र अभय सा0 जगदीशपुर थाना फूलपुर आजमगढ़ के पंजाब नेशनल बैंक के खाता मे दिनांक 19.05.2025 को 19,416/- रूपया (REFUND) अवमुक्त कराया जा चुका है।

***बरामदगी करने वाली साइबर टीम का विवरणः-***

1.उ0नि0 अनुराग कुमार पाण्डेय

2.क0आ0 रमाकान्त पटेल

3.आरक्षी दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा



**03.थाना-गंभीरपुरः-चोरी की 02 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को चोरी के ट्राली के साथ गिरफ्तार किया गया।**

***पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरणः-***

दिनांक 19.05.2025 को विपक्षीगण द्वारा वादिनी के ट्रैक्टर की ट्राली चोरी कर लेना जिसके सम्बन्ध में आवेदिका पुष्पा पत्नी किन्सलाल निवासी ग्राम शंकरपुर थाना बरदह जनपद आजमगढ द्वारा दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना गम्भीरपुर पर मु0अ0सं0-141/25 धारा 303(2) BNS बनाम 1. सिकन्दर पुत्र सुबेदार निवासी ग्राम शंकरपुर थाना बरदह जनपद आजमगढ़ 2. विशाल पुत्र कैलाश निवासी ग्राम बनावा थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़ हाल पता ग्राम उमरी कला थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़ , 3. 01 व्यक्ति अन्य नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

***घटना का संक्षिप्त विवरणः-***

आज दि0-20.05.2025 को उ0नि0 विजय कुमार शुक्ला मय हमराह के साथ चौकी गोसाई की बाजार रवाना होकर तलाश वांछित वारंटी चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन में गोसाईं की बाजार नहर पुलिया पर होकर मामूर था, कि मुखविर खास द्वारा सूचना दी गयी कि चोरी गयी ट्राली को एक व्यक्ति द्वारा अपने स्वयं के ट्रैक्टर स्वराज में लगाकर बेचने के फिराक में नहर पकडकर मेहनगर की तरफ जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर देखा गया कि 03 व्यक्ति ट्रैक्टर व ट्राली को साथ लेकर जा रहे हैं, हम पुलिस वालों को देखकर एक व्यक्ति ट्रैक्टर खड़ा होते ही कूद कर भाग गया। अन्य 02 व्यक्तियों को पुलिस द्वारा घेरमारकर समय करीब 01.05 बजे पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्तियों में ड्राइवर द्वारा अपना नाम विनीत कुमार उर्फ विशाल पुत्र कैलाश हरिजन उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी ग्राम बनावा थाना गम्भीरपुर जिला आजमगढ बताया गया, जिसके कब्जे से एक अदद टच मोबाइल सैमसंग बरामद किया गया तथा दूसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम विनय कुमार उर्फ सुरेन्द्र S/O सूबेदार हरिजन उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी शंकरपुर थाना बरदह आजमगढ बताया गया जिनके कब्जे से एक अदद टच मोबाइल ओप्पो व एक हजार एक सौ तीस रूपया नगद बरामद किया गया। भागे हुए व्यक्ति के बारे में पूँछने पर अभियुक्तों द्वारा उसका नाम सिकन्दर पुत्र सूबेदार उम्र 32 वर्ष निवासी शंकरपुर थाना बरदह आजमगढ बताया गया। कडाई से पूछताछ करने अभियुक्तों ने यह बताया कि करीब 8 से 9 माह पहले हम लोगों ने गोसाई की बाजार मार्केट उमरी रोड से एक मोटर साइकिल UP50AU5669 एक मंद बुध्दि व्यक्ति को 100 रूपये देकर कहा था कि मोटर साइकिल हम लोगों के पास ले आओ। उक्त व्यक्ति द्वारा हम लोगो को मोटर साइकिल लाकर दिया। हम लोगों ने उस व्यक्ति को 100 रूपये देकर भगा दिया गया। उसके बाद हम लोग उसी मोटरसाइकिल को लेकर चले,कुछ दिन बाद उक्त मोटरसाइकिल को हम लोगों के द्वारा जौनपुर में बेच दिया गया मोटर साइकिल खरीदने वाले व्यक्ति के चेहरे से जानते हैं। नाम पता नहीं मालूम है बेचे हुए पैसे को हम तीनों व्यक्ति ने आपस में बाट लिया था, जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-338/2024 धारा 303(2)/317(2) BNS पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

***गिरफ्तार अभियुक्त का नामः-***

1. विनय कुमार उर्फ सुरेन्द्र S/O सूबेदार हरिजन निवासी शंकरपुर थाना बरदह आजमगढ उम्र लगभग 25 वर्ष
2. विनीत कुमार उर्फ विशाल पुत्र कैलाश हरिजन निवासी ग्राम बनावां थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ उम्र लगभग 23 वर्ष

***पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहासः-***

1. मु0अ0सं0-338/2024 धारा 303(2)/317(2) BNS थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़
2. मु0अ0सं0-141/2025 धारा 303(2)/317(2) BNS थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़

***बरामदगी का विवणः-***

01. एक अदद टच मोबाइल सैमसंग,
02. एक अदद टच मोबाइल ओप्पो
03. एक हजार एक सौ तीस रूपया
04. 02 पेन कार्ड
05. 01 आधार कार्ड व
06. ड्राइविंग लाइसेंस
07. चोरी गयी एक अदद ट्राली

***गिरफ्तारी करने वाली टीमः-***

01. उ0नि0 विजय कुमार शुक्ला थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़
02. हे0का0 निहाल सिंह थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़
03. का0 नितेश यादव थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़
04. का0 सुरेश यादव थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़
05. का0 अमित यादव थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़


थाना गम्भीरपुर
सत्यमेवजयते